हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

11 80 महिलाएं व बेटियां सिलाई सीखकर बन रही आत्मनिर्भर



12 जाखल नपा का बदलेगा भूगोल, 13 की जगह होगे 14 वार्ड



## खबर संक्षेप



**टोहाना।** पर्यावरण जागरूकता रैली निकालते मॉडल केएम स्कूल के विद्यार्थी।

### स्वयंसेवकों ने पर्यावरण के प्रति किया जागरुक

**टोहाना।** माडल केएम विद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सूर्य नमस्कार, योगासन मेडिटशन व व्यायाम के साथ किया गया। इस अवसर पर शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों ने पर्यावरण सरंक्षण जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया।

### फतेहाबाद जिले से स्कूटी और बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** गत दिवस चोरों ने दो वाहन चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर टोहाना निवासी दविन्द्र ने कहा है कि गत दिवस उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने दूसरे मामले में हैदरवाला निवासी निशान सिंह ने कहा है कि उसने अपने बाइक को टोहाना में घंटाघर चौक के पास खड़ा किया था। वहां से अज्ञात चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले गया।

### बैंककर्मी का बैग चुराकर नाबालिग सहित दो काबू

**फतेहाबाद।** बस स्टैंड के पीछे वाली गली में बाइक पर रखे एक बैग को कोई उठाकर फरार हो गया। इस बारे बैंक कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। इस मामले में एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम ने एक नाबालिग सहित दो लोगों को काबू किया है। पुलिस ने एक नाबालिग सहित अजय निवासी भाटिया कॉलोनी फतेहाबाद को बस अड्डा से गिरफ्तार किया है।

### जिले से छात्रा सहित तीन लोग हुए लापता

**फतेहाबाद।** जिले के एक छात्रा सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। गांव पांडरी निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी लड़की शाम को घर से कॉलेज जाने की बात कहकर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। दूसरे मामले में सदर पुलिस ने गांव धांगड़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 29 वर्षीय पत्नी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव सरदारेवाला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 20 वर्षीय लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### विद्यार्थियों ने क्विज में दिखाई प्रतिभा

**टोहाना।** ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल मेंसामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्रेन बैटल, ब्रेन टीजर, ट्रेजर राउंड, नॉलेज नोक आउट, स्मार्ट शो डाउन, ब्रेन बूस्टरके प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों का विद्यार्थियों ने जवाब देकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### उद्घाटन के लिए नहीं पहुंचे विधायक और सेशन जज, साख बचाने के लिए स्वयं किया

# बार प्रधान पद छोड़ने से पहले चैम्बरों का करवाना चाहते थे उद्घाटन, धरने पर वकील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव से एक दिन पूर्व ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रातों-रात पत्थर लगाकर 116 नए चैम्बरों के उद्घाटन करवाने का ऐलान कर दिया। उद्घाटन पत्थर पर विधायक दुड़ाराम व सेशन जज डीआर चालिया द्वारा किया जाना अंकित है। उद्घाटन सवा 10 बजे होना था। वकीलों को जब पता चला तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए चैम्बरों के बाहर ही धरना देकर बैठ गए। इस घटनाक्रम के बाद चैम्बरों के उद्घाटन के लिए न विधायक पहुंचे और न ही सेशन जज। भद पिटते देख बार की बॉडी ने कुछ सीनियर वकीलों को बुलाकर स्वयं ही चैम्बरों का उद्घाटन कर डाला। बता दें कि इन चैम्बरों के निर्माण और आबंटन का मामला भी अदालत में विचाराधीन है। न्यायालय परिसर में धरना दे रहे वकीलों ने कहा कि शुक्रवार 15 दिसंबर को बार एसोसिएशन के चुनाव होने हैं और आचार संहिता लागू है, ऐसे में उद्घाटन कैसे हो सकता है। वकील सूबे सिंह मारोठिया, प्रदीप जांगड़ा आदि ने बताया कि बार में वकीलों के लिए 4 मंजिला बिल्डिंग बनाई गई है। प्रत्येक मंजिल पर 29 चैम्बर हैं। कुल 116 चैम्बर बनाए गए हैं, जिनके निर्माण में काफी अनियमितताएं बरती गई हैं। अभी तक न पानी की व्यवस्था है, न बिजली कनेक्शन हुए, न ही आरओ लगाए गए। आज बार के चुनाव होने हैं। प्रधान नरेश सोनी व सचिव समीर सिहाग अपना नाम चमकाने के लिए आधे-अधूरे चैम्बरों का उद्घाटन करवा रहे हैं। दरअसल आज से इनका कार्यकाल ही समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि रातों रात अचानक उद्घाटन का कार्यक्रम बना दिया। बार तक को बताया नहीं गया, सुबह जब वकील कोर्ट में आए तो दीवार पर उद्घाटन पत्थर लगा था और दीवारों को फूलों से सजाया गया था। वकीलों ने यह सब देखा तो उन्हें माजरा समझ आया। उद्घाटन के लिए पत्थर पर विधायक दुड़ाराम व सेशन जज डीआर चालिया का नाम अंकित है। वकीलों के धरने के बाद दोनों ही मुख्यअतिथि नहीं पहुंचे। बाद में जैसे-तैसे साख बचाने के लिए बार की वर्तमान बॉडी ने सीनियर एडवोकेटस संत कुमार, प्रवीण जिंदल, आत्मा राम डेलू को बुलाकर चैम्बरों उद्घाटन कर दिया। इस मौके पर स्वयं बार प्रधान नरेश सोनी, उपप्रधान नवीन नारंग, सचिव समीर सिहाग, वित्त सचिव लवप्रीत मेहता, सह सचिव चंद्र रॉयल सहित अनेक वकील मौजूद रहे।





**फतेहाबाद।** कोर्ट परिसर में धरने पर बैठे वकील तथा कोर्ट काम्पलैक्स में लगा उद्घाटन पत्थर।

#### धरने पर ये वकील रहे मौजूद

धरने पर वरिष्ठ अधिवक्ता एसके बत्रा, जगमोहन धारीवाल, सूबे सिंह मारोठिया, देवीलाल, आजाद मारोठिया, प्रदीप जांगड़ा, पियुष बत्रा, सुभाष जांगू, संजय आहूजा, शम्मी राठौर, रामानंद तंवर, पवन राठी, अमनदीप सिंह सहित अनेक वकील शामिल हुए।

#### चैम्बर आवंटन व निर्माण का मामला अदालत में हैं विचाराधीन

दरअसल, बार में 116 नए चैम्बर बनाए गए हैं। उसको लेकर पहले ही यह मामला सुर्खियों में चला आ रहा है। आरोप है कि बार की बॉडी ने ठेकेदार को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया। इतना ही नहीं, इसको लेकर करीब 25 वकीलों ने सिविल जज की अदालत में केस भी डाला हुआ है, जिसमें निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के भी आरोप लगाए गए हैं। इस मामले की सुनवाई अभी अदालत में विचाराधीन है। इस दौरान बार की बॉडी ने चैम्बरों का ड्रा निकाल दिया। आरोप है कि ड्रा में नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। जो वकील प्रैक्टिस नहीं करते, उनको भी चैम्बर आबंटित कर दिए गए। कुछ 'बड़े लोगों' को 'किसी रिजर्वेशन' के आधार ग्राउंड फ्लोर पर चैम्बर दे दिए। इतना ही नहीं, उद्घाटन के लिए चैम्बरों के मालिकों तक को सूचना नहीं थी।



**फतेहाबाद।** विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण कर उपस्थितजन को संबोधित करते विधायक दुड़ाराम। फोटो : हरिभूमि

## गांवों के विकास के लिए धन की कमी नहीं : दुड़ाराम

- गांव भट्टू कलां व मंडी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, विधायक ने किया स्टॉलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव भट्टू कलां व भट्टू मंडी में पहुंची। विधायक दुड़ाराम ने कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। इसके लिए देश के हर नागरिक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जागृत होना चाहिए तथा सभी को यह सोचना चाहिए कि हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि लोगों में राष्ट्र के प्रति चेतना उत्पन्न कर राष्ट्र को आगे ले जाना है तथा आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस मौके पर विधायक ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। विधायक ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए और अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं का मौके पर ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में एसडीएम राजेश कुमार, राजपाल बेनीवाल, जगदीश शर्मा, अनिल सिहाग, सरपंच प्रह्लाद, बंसी लाल, ब्रह्मानंद गोयल, रोशन लाल साई, मेनपाल गोदारा, सीता राम, रामेश्वर, रजनीश, विष्णु नैन, जसवंत माचरा, राकेश भांभू, सज्जन साई, अर्जन राठौड़, बच्चन सिंह साई, देवीलाल साई, राज माचरा, जयदेव माचरा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गोशाला रोड के निर्माण के लिए पंचायत मंत्री को लिखा पत्र

- कजाखल नगर पालिका के उपाध्यक्ष गोबिंद राम ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

शहर की छोटी सरकार यानी नगर पालिका में शहर के विकास कार्य में तेजी लाने के लिए धन राशि की मांग व शहर के गोशाला रोड के निर्माण कार्य को लेकर जाखल नगर पालिका के उपाध्यक्ष गोबिंद राम ने टोहाना के विधायक एवं प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देविंदर सिंह बबली को पत्र लिखा है। बता दें कि शहर में विकास कार्य करवाने के लिए इन दिनों धन राशि कम होने के चलते विकास कार्य में रुकावट आ रही है। इसको लेकर उपाध्यक्ष ने कहा कि नपा के पास जो पैसा बचा है, उन्हें आने वाले दिनों में टेंडर लगा दिए जाएंगे, जिसके बाद नपा के पास पर्याप्त धन राशि न होने से विकास कार्य में दिक्कत आएगी। इसे लेकर उन्होंने धन राशि की मांग को पंचायत मंत्री बबली के समक्ष रखा है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष ने शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग गोशाला रोड के निर्माण कार्य करवाने को लेकर भी मांग भेजी है। नपा उपाध्यक्ष गोबिंद राम ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि पंचायत मंत्री देवेन्दर सिंह बबली द्वारा उनकी मांगों पर जल्द अमल कर इस पर कार्यवाही की जाएगी।

## सरकार ने आंगनबाड़ी वर्कर्स से की वादाखिलाफी : सुनीता

- मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्करों एवं हेल्परों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अपनी मांगों को लेकर धरना देती आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स।

आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा सीटू के आह्वान पर फतेहाबाद में आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की व संचालन माया पीलीमंदौरी द्वारा किया गया। प्रदर्शन के बाद आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अतिरिक्त उपायुक्त के मार्फत मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को मांग पत्र भेजा गया। धरने को संबोधित करते हुए सुनीता झलनिया व माया पूनिया ने कहा कि सरकार ने जो वायदे किए थे, आज तक पूरे नहीं हुए। राज्य में आंगनबाड़ी वर्कर्स/हेल्पर्स द्वारा 2021-22 आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और हड़ताल के दौरान का काटा गया बकाया मानदेय दिया जाए। बाल वाटिका के नाम पर आंगनबाड़ी केंद्र को उजाड़ना बंद करें। पोषण ट्रैकर एप पर जबरदस्ती काम बंद हो और मोबाइल फोन दिया जाए। आंगनबाड़ी केंद्र का किराया बिना कंडीशन के भुगतान किया जाए। पीएमएमवीवाई के मेहनताने का बकाया, ईंधन की राशि का बकाया, फ्लेक्सी फंड, आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य हेतु रजिस्टर व अन्य सामान दिया जाए। खाली पद तुरंत भरे जाएं। वर्कर एवं हेल्पर को कुशल अकुशल की श्रेणी में रखा जाए, ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, इपीएफ/ईएसआई की सुविधा प्रदान की जाए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रद्द हो। वर्कर को तीसरे दर्जे का व हेल्पर को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाया जाए। इन मांगों को लेकर यूनियन लगातार आंदोलन में है। आज के धरना प्रदर्शन को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष बेगराज, भट्टू ब्लॉक प्रधान माया बेनीवाल, सावित्री, सीता देवी, कृष्णा टोहाना, सुनीला, मंजुला, अनीता, दमयंती, इंदिरा सहित अनेक वर्कर्स एवं हैल्पर्स मौजूद रही।

#### आज तक नहीं दिया एक पैसा

धरने को संबोधित करते हुए सीटू के जिला कोषाध्यक्ष बेगराज ने कहा कि मोदी सरकार ने 1500-750 की घोषणा करने के बाद एक पैसा आज तक नहीं दिया है। इसी तरह हरियाणा सरकार ने भी कुशल और अकुशल की जो कैटेगरी में डालने का फैसला लिया था, वह भी आज तक उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया है। आंगनबाड़ी सेंटरों का किराया भी लगभग डेढ़ साल से बकाया है। पोषण ट्रैकर पर ऑनलाइन काम का दबाव बनाकर मानसिक तौर पर शोषण हो रहा है। ऐसे में आंगनबाड़ी वर्करों और हैल्परों ने आने वाले दिनों में अपना आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है।

## रक्तदान करना अनूठी सेवा : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



**भूना।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए क्लब के पदाधिकारी।

लायंस क्लब ने वीरवार को अनाज मण्डी के प्रांगण में रक्तदान शिविर लगाया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपपुलिस अधीक्षक कुलवंत सिंह ने किया। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करना अनूठी सेवा है। रक्तदान महादान है।

सभी लोगों को रक्त करना चाहिए। इससे शरीर में रक्त की कमी नहीं होती है। शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। लायंस क्लब के इस प्रयास को सामाजिक चेतना जागृत करने का कदम बताते हुए कहा कि मानव रक्त स्वास्थ्य क्षेत्र का एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने लिए या किसी परिजन के लिए बीमार होने या घायल होने पर जरूरत पड़ती है। किसी ऑपरेशन के वक्त भी खून की सबसे अधिक जरूरत महसूस होती है और उस वक्त लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। लायंस क्लब के प्रोजेक्ट इंचार्ज अजय मेहता व बंटी कटारिया ने हर व्यक्ति को रक्तदान करके जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया।

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की समीक्षा के लिए रोल आब्जर्वर एवं हिसार मंडलायुक्त ने की बैठक

**फतेहाबाद।** मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए रोल आब्जर्वर एवं हिसार मंडलायुक्त गीता भारती ने सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों व सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ बैठक की। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हिसार मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हिसार मंडलायुक्त गीता भारती ने सभी उप मंडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रिविजन का प्रथम फेज 9 दिसंबर को पूर्ण हो चुका है। अब द्वितीय फेज में प्राप्त हुए फार्मोर् का निपटान निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना करते हुए 26 दिसंबर तक करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि स्थानांतरण के संबंध में किसी भी मतदाता का वोट काटने से पूर्व नोटिस अवश्य जारी करें तथा नोटिस की सुपुर्दगी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सभी एआरओ कम उप मंडल अधिकारियों व तहसीलदार को निर्देश दिये कि वे स्वयं मतदान केन्द्रों पर जाकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करें।



**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ की कन्वेंशन में उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## रोजगार को लेकर आंदोलन चलाएगा कर्मचारी संघ : धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- 4 फरवरी की राज्य स्तरीय रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा

सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय कन्वेंशन पटवार भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली ने की व संचालन सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ की 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर संघ के राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने भाग लिया। जिला प्रधान ने कहा कि कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों को राज्य स्तरीय रैली में उठाया जाएगा। गांवों में मीटिंग करके सरकार के खिलाफ रोजगार की मांग को लेकर के बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसी कड़ी में 15 व 18 दिसम्बर को विधानसभा सत्र के अवसर पर जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन और 20 से 31 दिसम्बर तक ब्लाक स्तरीय जन पंचायतें की जाएगी। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए संघ के राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, बस, बिजली, पानी आदि के लिए सर्व कर्मचारी संघ पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगा। सर्व कर्मचारी संघ सार्वजनिक सेवाओं को बचाने के लिए लंबे समय से संघर्ष करता आ रहा है और आगे भी इस संघर्ष को जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा, आवास, दवाई, पढ़ाई आदि हर घर की बुनियादी जरूरतें है लेकिन सरकार जनता को यह मुहैया करवाने में असफल रही है। मुख्यमंत्री ने खुद विधानसभा में बताया कि प्रदेश में 2 लाख 2456 नौकरी के पद खाली पड़े हैं। 1991 में आबादी सवा करोड़ थी और नौकरियां चार लाख थी, अब आबादी 3 करोड़ होने के बावजूद भी 2 लाख 70 हजार ही बची हैं। यदि आबादी और सेवाओं के तय पैमाने की जरूरत पर भर्ती करें तो प्रदेश में 10 लाख पद बनते हैं।

### भिरडाना में अन्नदाता सम्मान समारोह में डीसी ने किया सम्मानित

# पराली न जाने वाले 95 किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को सम्मानित करते उपायुक्त अजय सिंह तोमर।

- पराली जलाने के मामले पिछले सालों की तुलना में कम हुए
- डीसी बोले, किसानों की सकारात्मक सोच का परिणाम

पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को सम्मानित करने के लिए गांव भिरडाना में अन्नदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर पराली प्रबंधन करने वाले 95 प्रगतिशील किसानों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधान विजय सहारण ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि किसानों की सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि जिला में पराली जलाने के मामले पिछले सालों की तुलना में कम हुए हैं। हमें अपने साथ-साथ दूसरों की सेहत का भी ख्याल रखना होगा तब जाकर हम एक समृद्ध समाज की रचना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भी बड़े स्तर पर कोशिश की जा रही है कि इलाके के किसानों को प्रणाली प्रबंधन को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या ना आए, इसको लेकर कृषि यंत्रों पर सब्सिडी भी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि एक्स-सीटू और इन-सीटू के तहत पराली प्रबंधन करने पर किसानों को सरकार की ओर से प्रति एकड़ एक हजार रुपये की सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग, सामाजिक संस्था बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष विजय सहारण, अनाज मंडी प्रधान जगदीश भादू, आटो मार्केट प्रधान हरपाल ढाका, भिरडाना गौशाला अध्यक्ष प्रेम कुमार सिगड़, प्रिंसिपल सतीश बिश्नोई, सचिन बिश्नोई, गुरप्रीत हुंदल, सरपंच जोगेंद्र सिंह, अनिल चौहान, रमेश चौहान, चंद्रप्रकाश गेरा, इंद्र सेन बत्तरा, सुनील हसंगा, आदर्श बत्तरा, धर्मपाल ढेलू, किशनप्रीत सालमखेड़ा, जयवंत मोंगा, गुरप्रीत संधू, विष्णु बिश्नोई सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### कम्पनी मालिक पर लगाया अश्लील हरकतें करने व धमकाने का आरोप

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक ऑफिस में काम करने वाली युवती ने कम्पनी के मालिक पर अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जींद की एक युवती ने कहा है कि वह टोहाना में मनियाना रोड स्थित एक कम्पनी में काम करती है। गत दिवस दोपहर को कम्पनी के मालिक भूषण ने उसे सामान उठाने के लिए कहा। जैसे ही वह उठाने लगी तो आरोपी उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी भूषण उस पर बुरी नीयत रखता है। उसके बाद जब उसने विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे किसी को भी बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप



### योगेश प्रधान व सुरेन्द्र बने एसोसिएशन के उप प्रधान

**चौपटा।** नाथूसरी चौपटा में तहसील में अधिवक्ता एसोसिएशन के आगामी वर्ष 2024-2025 के लिए सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का गठन किया गया। योगेश शर्मा एडवोकेट को प्रधान, सुरेन्द्र सिंह बैनीवाल को उपप्रधान व सुभाष चन्द्र पूनियां को सचिव बनाया गया है। वर्तमान प्रधान वीरभान, वर्तमान सचिव संजय सिहाग, वर्तमान उप प्रधान बाल किशन गुप्ता ने नई टीम को बधाई दी।

### नकौड़ा स्थित ढाणी से धान चुराने का प्रयास

**रानियां।** गांव नकौड़ा स्थित ढाणी से चोर हजारों रुपए का धान चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक जगजीत सिंह ने बताया कि बीती 11 दिसंबर की रात को परिवार के लोग पंजाब में शादी में गए हुए थे। देर रात को ढाणी में चोर घुस आए और धान की फसल चोरी कर बाहर खड़ी पिकअप में डालने लगे। इसी दौरान चोरों की आहट सुनकर नौकरों की आंख खुल गई। नौकरों को आता देखकर आरोपी खाली बोरियां वहीं छोड़कर भाग गए।

### लाखों रुपये की अफीम सहित ट्रक चालक पकड़ा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद पुलिस टीम ने ट्रक चालक को लाखों रुपये की 2 किलो 720 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनबाद पुलिस टीम के प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिन्दा पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव सादेवाला के रुप में हुई है। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### राशन कार्डधारकों से ई-केवाईसी करवाने की अपील

**फतेहाबाद।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विनीत जैन ने बताया कि खाद्य एवं पूर्ति विभाग के आदेशानुसार जिला फतेहाबाद में सभी राशन कार्डधारकों की ईपीओएस मशीन के माध्यम से सभी डिपूओं पर अंगूठा निशान सत्यापित निशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने कार्ड धारकों से अपील की है कि वे अपने राशन डिपू पर जाकर राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का अंगूठा लगवाएं।

### बंदूक के बल पर दो लाख रुपये लूटने का आरोप

**सिरसा।** रानियां में गाड़ियों की सेल परचेज करने वाले एक व्यक्ति से बंदूक की नोक पर दो लाख रुपये लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में गुरविंद्र ने बताया कि वह बुधवार रात्रि 8 बजे वह डा. जरनैल सिंह वाली गली में गाड़ी का सौदा करने गया था। गाड़ी के सौदे के लिए वह दो लाख रुपये भी साथ लेकर गया था। जब वह गाड़ी का सौदा कर रहा था, तभी एक कार उसके पास आकर रूकी। एक व्यक्ति ने उस पर डांग से चोट मारी। इसके बाद आरोपी ने उस पर बंदूक तान दी व दो लाख रुपये लूटकर भाग गए।



### खिलाड़ी का ध्यान बुरी संगत की ओर नहीं जाता

**ओढां।** पुलिस द्वारा ग्रामीण बच्चों को खेलों के प्रति बढ़ावा देने व नशे को रोकने के लिए गांव पन्नीवाला मोटा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बेनीवाल व हरियाणा गृह रक्षी भजनलाल ने बच्चों को खेलों में रुचि रखने बारे बताया कि हमें सुबह जल्दी उठकर ग्राउंड में आना चाहिए। ग्राउंड में आकर कोई भी अपना मनपसंद एक गेम चुने और उस गेम को खेल की भावना से खेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए। खिलाड़ी का ध्यान बुरी संगत की ओर नहीं जाता।

---

**बातचीत** मात्र 70 दिनों की मेहनत और देखभाल करके फसल से मिल रहा है मोटा मुनाफा

# गाजर की खेती कर किसान ने कमाए लाखों रुपये



**पहली बार**
किसान ने पहली बार गाजर की खेती को अजमाया

**बचत**
परंपरागत खेती में समय ज्यादा, बचत कम अगेती फसल का अच्छा भाव मिल जाए तो प्रति एकड़ दो लाख से तीन लाख कमाई

**किसान** | **दलबीर सिंह भूना**

नाढोड़ी गांव के छोटूराम थापन को दो एकड़ भूमि में गाजर की खेती का उत्पादन और बाजार भाव पर्याप्त मिलने के कारण कम खर्चे में लाखों रुपये की आमदनी हुई है। किसान ने मात्र 70 दिनों की मेहनत और देखभाल से गाजर की फसल से मुनाफा मिल रहा है।

किसान छोटूराम ने बताया कि गन्ने की खेती के बाद गाजर की बिजाई कर दी और अब खुदाई शुरू हो चुकी है, जिससे उन्हें प्रति एकड़ तीन लाख रुपये की आमदनी होने की उम्मीद है। जबकि इससे दर्जनों बेरोजगार लोगों को रोजगार भी मिला है। गाजर की खुदाई से लेकर ढुलाई और लदान तक करीब 20 लोग प्रतिदिन काम कर रहे हैं। किसान ने बताया कि फसल के उत्पादन में कोई अधिक खर्च नहीं आता, परंतु इसकी खुदाई व सब्जी मंडी तक पहुंचने में थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है। फसल के उत्पादन के संबंध में बात करते हुए किसान छोटूराम ने बताया कि एक एकड़ में चार से पांच किलो बीज डाला जाता है। इस सीजन में 400 से 600 रुपये किलो गाजर का बीज बिक रहा है। गाजर की बिजाई अगस्त से अक्टूबर माह में होती है और जनवरी से मार्च तक गाजर की खोदाई होती है। अगर अगेती फसल का अच्छा भाव मिल जाए तो प्रति एकड़ दो लाख से तीन लाख रुपये की आमदनी होती है और 40 से 50 हजार रुपये की लागत आती है। किसान छोटूराम ने बताया कि परंपरागत खेती करते हैं, तो साल में दो ही फसल ले पाते हैं, जिसमें आमदनी भी सीमित है, जबकि गाजर की फसल तीन महीने की है और इसमें बचत भी काफी अच्छी है। इसकी विशेषता ये है कि ये हर तरह की मिट्टी में हो जाती है, इसलिए किसानों को मुनाफ बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के अतिरिक्त नई आधुनिक खेती की तरफ भी रुचि बढ़नी चाहिए।



### सब्जी की खेती आर्थिक मजबूती का विकल्प

सरकार लगातार किसानों को बागवानी व औषधीय पौधे तथा सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित कर रही है। किसानों को प्रति एकड़ विभिन्न सब्जी की फसलों एवं बागवानी में सब्सिडी का भी प्रावधान है। परंपरागत खेती का अधिक उत्पादन लेने के लिए रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का बड़े स्तर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, इसके कारण किसान की लागत ज्यादा बढ़ रही है और अनाज खाने लायक नहीं रहता। किसान की आर्थिक मजबूती के लिए सब्जी की खेती और बागवानी की दिशा में अच्छा विकल्प है।

---

### कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में नहीं हुई सफाई, घरों से भी नहीं उठा कचरा

# हड़ताल पर रहे 200 से ज्यादा कर्मचारी सफाई ठेकेदार ने भी ठप रखा कामकाज

दो दिवसीय पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल पर चले गए नगरपरिषद कर्मचारी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपरिषद कर्मचारी वीरवार को कामकाज ठप कर दो दिवसीय पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने आज नगरपरिषद प्रांगण में धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता संघ की फतेहाबाद इकाई प्रधान नरेश राणा ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज नगरपरिषद कार्यालय और शहर में सफाई व्यवस्था का काम पूरी तरह ठप्प रहा। हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहे।

कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए इकाई प्रधान नरेश राणा व जिला सचिव विजय ढाका ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। इससे पहले भी लगातार निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व सीएम के मुख्य सचिव वी. उमा शंकर की अध्यक्षता मीटिंग हुई। 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ता में लगभग सभी मांगों पर मंत्री ने जल्द ही पत्र जारी करने का विश्वास दिलाया था। कुछ पत्र जारी तो हुए हैं लेकिन समझौते से विपरीत तोड़ मरोड़ के पत्र जारी किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड व जिला वरिष्ठ प्रधान ओम प्रकाश लौट ने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों व तानाशाही के चलते मजबूरी में कर्मचारियों को पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल करनी पड़ी है। सरकार लगातार सफाई अभियान के नाम पर कर्मचारियों का शोषण कर रही है, इसके कारण नगर निगम फरीदाबाद का सफाई कर्मचारी सड़क हादसे में शहीद हो गया। उसके ऊपर काम का काफी प्रेशर था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की काफी कमी है। सरकार का नियम है 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की नियुक्ति होनी चाहिए लेकिन हालत यह है 2000 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी नियुक्त है। सरकार इस कमी को तो पूरा करती नहीं है, सफाई अभियान के नाम पर कर्मचारियों का शोषण करती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की बजाय सरकार ने इसके विपरीत कार्य किया और गुरुग्राम के 3480 व नगर निगम रोहतक 500 सफाई कर्मचारियों सहित प्रदेशभर में 5000 सफाई कर्मचारियों को घर का रास्ता दिखा दिया है।



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद में पैन डाउन टूल डाउन हड़ताल कर धरना देते कर्मचारी।



**सिरसा।** नगर परिषद में हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी तथा हिसार रोड पर बैंक कॉलोनी में सफाई करते निजी कंपनी के कर्मचारी।

#### रानिया में भी सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल

**रानियां।** नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को नगरपालिका में दो दिवसीय पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल पर बैठ गए। सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रांगण में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ रानियां के प्रधान सोमपाल, भंवरलाल, सुरेंद्र कुमार, स'जन कुमार, अनिल कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के हुए समझौते अभी तक लागू नहीं किया है जिसे सरकार जल्द से जल्द लागू करे। वही गुरूग्राम नगर निगम से छंटनी किए गए 3480 सफाई कर्मचारी व अन्य पालिकाओं तथा फायर विभाग से छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस ले। साथ ही बीती 8 फरवरी 2013 के पत्र के अनुसार सफाई कर्मचारियों व सीवरमैन कर्मचारियों को नियमित भर्ती में शामिल करें। डिमिनिशिंग कार्डर में शामिल किए गए सफाई कर्मचारियों व सीवरमैन के पदों को बाहर किया जाना चाहिए, पुरानी पेंशन बहाली, क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में सफाई कर्मचारियों की भर्ती, चालकों के नए पद सृजित करने संबंधी अनेक लंबित मांगों को भी पूरा किया जाना चाहिए। इन कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

#### सिरसाः पालिका प्रधान ने कहा कि शहर में झाड़ू नहीं चलने देंगे

**सिरसा।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वीरवार से अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल की वजह से आधे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। निजी कंपनी के सफाई कर्मचारियों से शहर में सफाई करवाने का प्रयास किया गया तो हड़ताली कर्मचारी सामने आ गए और उन्हें रोक दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर किसी ने झाड़ू उठाई तो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद सिरसा में पहले दिन 201 सफाई कर्मचारी तथा 9 दरोगा हड़ताल पर रहे। यह भी बता दें कि सिरसा शहर में आधा हिस्सा निजी कंपनी को सफाई के लिए दिया हुआ है।जानकारी के अनुसार नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारी दो दिवसीय रा'य स्तर की टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल पर हैं। नगर परिषद के कर्मचारी सरकार की वादा खिलाफी, छंटनी एवं शोषण के खिलाफ लामबंद होंगे। जबकि अधिकारियों का कहना है कि ठेकारत एजेंसी के सफाई कर्मचारियों से शहर में सफाई करवाई जाएगी। नगर परिषद द्वारा फिलहाल आधे शहर की सफाई का ठेका एजेंसी को दिया हुआ है और इन्हीं से जगदेव सिंह चौक से सुभाष चौक तक सफाई करवाने उतारा गया तो हड़ताली कर्मचारी आ गए और सफाई कर रहे कर्मचारियों को रोक दिया। नगर पालिका प्रधान मनोज अटवाल ने कहा कि शहर में झाड़ू नहीं चलने देंगे।

---

### मन की शांति के लिए परमात्मा से जुड़ेंः अंजू

**चौपटा।** खंड के गांव शाहपुरिया में ब्रह्माकुमारीज द्वारा प्रेरणादायक एवं सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीके अंजू और बीके शारदा ने ग्रामीणों को मन की शांति पाने के लिए विस्तार से बताया। वीरवार को शाहपुरिया के फरीद मंदिर में आयोजित कार्यक्त्रम में बीके अंजू और बीके शारदा ने कहा कि वर्तमान में लोगों के पास धन की कोई कमी नहीं है। लेकिन धन होने के बावजूद भी लोग दुखी हैं और इस दुख का कारण मन की शांति नहीं होना है। मन की शांति के लिए हमें परमात्मा से जुड़ना होगा। और मन को परमात्मा से जोड़कर ही सुख शांति मिल सकती है। मन सही होगा तो सुख शांति अपने आप मिल जाएगी। इस अवसर पर कई ग्रामीण महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### डेरा में 6292 मरीजों की आंखों की जांच

**सिरसा।** शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में डेरा सच्चा सौदा द्वारा आयोजित आंखों की जांच व ऑपरेशन शिविर के तीसरे दिन तक 6292 मरीजों के आंखों की जांच हो चुकी है। इनमें 2650 पुरुष व 3642 महिला मरीज शामिल है। जबकि इनमें से 199 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। वहीं 105 मरीजों के ऑपरेशन किए जा चुके है। वीरवार शाम को 69 मरीज, जिनके पहले दिन ऑपरेशन हुए थे, उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। कैंप में मरीजों को चश्में और दवाइयां भी निःशुल्क दी जा रही हैं।

- 105 के हुए ऑपरेशन
- चश्में और दवाइयां नि:शुल्क दी गई

---

# 80 महिलाएं व बेटियां सिलाई सीखकर बन रहीं आत्मनिर्भर

**चोपटा।** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं व बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। ग्रामीण महिलाओं को सही मार्गदर्शन व प्रशिक्षण मिले तो अपनी प्रतिभा, लग्न और मेहनत के बल पर आत्मनिर्भर बन सकती है। इसी कड़ी में गांव कागदाना में रितु शर्मा ने अपनी बेटी हिमांशी के नाम पर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 80 महिलाओं व बेटियों को सिलाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का एक सफल प्रयास शुरू किया हुआ है।हिमांशी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका 12वीं तक पढ़ी-लिखी रितु शर्मा का कहना है कि उसके 6 बेटियां हैं जिनके पालन पोषण के साथ-साथ इस क्षेत्र की महिलाओं व बेटियों को विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण देकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की एक नई पहल शुरू की है। उन्होंने बताया कि समाजसेवी गोविंद कांडा की संस्था एक नई पहल के तहत उन्होंने गांव कागदाना में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोलकर महिलाओं को मुफ्त सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में हिमांशी अकादमी सिलाई प्रशिक्षण संस्थान में दो शिफ्टों में 80 महिलाएं में बेटियां सिलाई का प्रशिक्षण ले रही है।



# मोरीवाला पहुंची 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के वीरवार को गांव मोरीवाला, रसूलपुर, धर्मपुरा व हारनी में पहुंचने पर पूर्व विधायक बलकौर सिंह व पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के तहत गांव - गांव, नगर - नगर पहुंच रही 'मोदी की गारंटी वैन' को हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक बताया। गांव मोरीवाला व रसूलपुर में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष दड़बी सर्वजीत सिंह, सरपंच सुमीत्रा देवी, पूर्व सरपंच सुरेंद्र पाल छिंदा, ओम प्रकाश, सरपंच प्रतिनिधि सोम प्रकाश, कृष्ण लाल तथा गांव धर्मपुरा व हारनी में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने यात्रा का स्वागत किया।

पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने कहा कि जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वे 'मोदी जी की गारंटी वैन' के पास आकर 'अपनी जुबानी अपनी कहानी' सुनाकर सरकार की योजनाओं की सराहना कर रहे हैं।

पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में आ रहे रथ सामान्य नहीं हैं, बल्कि यह एक तरह से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी है। इस अवसर पर जिकेश मेहता, निर्मल सिंह बसरा, महवीर गोदारा, जगदीश दुसाद, निशाल सिंह, बगीचा सिंह, सरपंच दमदमा गुरमुख सिंह, सरपंच धर्मपुरा अमनप्रीत कौर, सरदार बुरा सिंह, श्याम सुंदर बिश्नोई, कृष्ण चौहान, सरदुल सिंह सौखल, काबल सिंह, प्रवीण अरोड़ा, जसपाल सिंह, संतोख सिंह मौजूद रहे।



**सिरसा।** विकसित भारत यात्रा के दौरान स्टॉलों पर जानकारी लेते ग्रामीण

---

### विकास एवं पंचायत मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत जनसमस्याएं सुनीं

# 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को गांव दमकौरा में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। यात्रा के गांव में पहुंचने पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और ग्रामीणों ने स्वागत किया। विकास एवं पंचायत मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं सुनवाई कर उपस्थित सभी ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ भी दिलाई।

कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। यह सुदूर पंचायत तथा गांव तक और वास्तव में बिना किसी भेदभाव के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। पंचायत मंत्री ने कहा कि विकास कायारें व सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश के सुदूर कोने तक पहुंच रहा है।



**टोहाना।** गांव दमकौरा में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।




**फतेहाबाद।** गांव धौलू में खिलाड़ी अनिल को सम्मानित करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

#### नेशनल साइकलिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मैडलिस्ट धौलू के अनिल को पंचायत मंत्री ने किया सम्मानित

**टोहाना।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और हम सबको उन पर गर्व है। हरियाणा में खिलाड़ियों की प्रतिभा और सरकार की खेल नीति के परिणाम स्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री गांव धौलू में 37वें नेशनल खेल, 75वें नेशनल साइकलिंग चैंपियनशिप 2-2 गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वाले अनिल मंगलाव के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान कायम की है। राज्य सरकार ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार सहित सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों का फायदा लेते हुए यहां के खिलाड़ियों ने अपनी पहचान दुनिया में कायम की है।

## खबर संक्षेप

### 10 ग्राम हेरोइन सहित युवक किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव लौहगढ़ क्षेत्र से युवक को 10 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव लोहगढ में थी। इस दौरान पुलिस टीम ने शक के आधार पर रोककर युवक की तलाशी ली तो उसके अफीम मिली। आरोपित की पहचान विनोद कुमार निवासी गांव लोहगढ जिला सिरसा के रूप में हुई है।

### पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते पांच धरे

**डबवाली।** रोड़ी थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान सुरतिया रोड पर नहर के समीप से पांच आरोपियों को पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते हुए डंडा, तलवार, गंडासी, लोहे की रॉड व बैटरी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गुरबक्श सिंह , सतनाम, सपनदीप, जसकरण सिह व अमनदीप उर्फ बूरा पजांब के रुप में हुई है।

### व्यक्ति नौ किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान ऑटो मार्केट क्षेत्र से एक व्यक्ति 9 किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। शहर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान ऑटो मार्केट क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपित प्रभू दयाल निवासी हरि विष्णु कॉलोनी को चूरापोस्त सहित दबोच लिया।

### 21 किलोग्राम डोडापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को गांव खारियां क्षेत्र से 21 किलो 500 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान खारियां से जोधपुरिया रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने दो युवकों की तलाशी लो तो उनके पास नशीला पदार्थ मिला। आरोपितों की पहचान गोरा सिंह व मांगे राम निवासी गांव खारियां के रूप में हुई है।

### किसान मजदूर जनाक्रोश रैली का दिया न्योता

**सिरसा।** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा ने गांव गदली राजपूताना में ग्रामीणों को आगामी 24 दिसंबर को होने वाली किसान मजदूर जनाक्रोश रैली का न्योता देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ने का काम किया और कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को बसाने का काम किया है। मोहित ने कहा कि किसान-मजदूर आक्रोश रैली में लाखों की संख्या में लोग पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित पार्टी के अन्य नेताओं के विचारों को सुनने पहुंचेंगे।



### सीएम घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके साथ ही सरकार की ओर से विकास कायार्ें से संबंधी जो भी लक्ष्य दिया जाता है, तो उसको निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को इन विकास कायार्ें का त्वरित लाभ मिल सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने वीरवार को लघुसचिवालय स्थित सभागार में सभी विभागों की मासिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभागों संबंधित योजनाओं के क्रियान्यन बारे रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश।

---

### प्रधान समर्थित पार्षद डीगवाल पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

# पार्षद डींगवाल की करतूत के चलते बैकफुट पर आए प्रधान

प्रधान समर्थक पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल पर उपप्रधान समर्थक पार्षद नीलांशी शर्मा ने फोन पर गाली-गलौच करने के आरोप लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नगरपरिषद प्रधान और उपप्रधान के बीच अस्तित्व को लेकर चल रहे शह-मात के खेल में प्रधान राजेन्द्र खिची ने भावुक रवैये से शहरवासियों को अपने पक्ष में कर लिया था। देर रात प्रधान के खासमखास एक पार्षद की करतूतों ने प्रधान को एक झटके में बैकफुट पर ला दिया।

दरअसल, प्रधान समर्थक पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल पर उपप्रधान समर्थक पार्षद नीलांशी शर्मा ने फोन पर गाली-गलौच करने के आरोप लगाए। रात को ही नीलांशी शर्मा अपने परिजनों के साथ डीगवाल के घर के बाहर पहुंची और हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गई। देर रात एक बजे पुलिस ने नीलांशी की शिकायत पर पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल पर केस दर्ज कर लिया। नगरपरिषद उपप्रधान भी इस मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और रात को ही मौके पर पहुंचकर सहानुभूति बटोरने का प्रयास किया।

देर रात को धरने पर बैठी उपप्रधान समर्थक पार्षद नीलांशी शर्मा ने बताया कि रात को उसके व्हॉट्सऐप पर सुरेंद्र डीगवाल ने दो बार वीडियो कॉल की तो उसने काट दी। इसके बाद उसने नॉर्मल कॉल कर सुरेंद्र से वीडियो कॉल करने का कारण पूछा तो वह भद्दी गालियां निकालने लगा। वह हैरान रह गई और उन्हें पूछा कि आपको पता है आपने किसको कॉल कर रखा है, जिस पर सुरेंद्र डीगवाल ने कहा कि उन्होंने वार्ड पार्षद निर्मल सिवाच को फोन मिलाया है। इस पर उन्होंने बताया कि वे निर्मल नहीं, नीलांशी हैं, जिसके बाद फोन कट गया। नीलांशी के पिता सुनील ने बताया कि रात को जब वे काम से वापस घर लौटे तो घर पर उनकी बेटी नीलांशी रो रही थी। जब उन्होंने नीलांशी से रोने का कारण पूछा तो उसने अपने पिता को सारी बात बताई।

इसके बाद नीलांशी अपने माता-पिता, अन्य परिजनों के साथ सुरेंद्र डीगवाल के घर के बाहर पहुंचकर धरना दे दिया। बाद में दोनों वाडार्ें के लोग भी वहां पहुंचने शुरू हो गए और कई वार्ड पार्षद भी नीलांशी के समर्थन में वहां आ गए।



**फतेहाबाद।** पुलिस कर्मचारियों को जानकारी देते पार्षद नीलांशी शर्मा, उपप्रधान के गले मिलकर रोती पार्षद नीलांशी शर्मा।

#### आरोपी पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग

सुनील शर्मा ने कहा कि जब तक डीगवाल बाहर आकर सफाई नहीं देते, तब तक वे यहां से नहीं जाएंगे। डीगवाल अपने घर ही है और बाहर नहीं आ रहे।

हालांकि आधी रात को पहुंची पुलिस ने जब घर जाकर देखा तो वे घर नहीं मिले। हंगामे की सूचना मिलते ही नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा सहित कई पार्षद भी नीलांशी के समर्थन में मौके पर पहुंच गए और आरोपी पार्षद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची नगर परिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, वार्ड पार्षद मोहन लाल ग्रोवर, हंसराज योगी आदि ने कहा कि यदि यह आरोप सही हैं तो पार्षद सुरेंद्र डीगवाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाएंगे। आधी रात को ही कार्रवाई न होने पर एसपी के पास जाने का ऐलान कर दिया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आधी रात को ही पार्षद सुरेंद्र डीगवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

इस बारे में जब सुरेंद्र डिगवाल से बात करना चाही तो उनका नम्बर बन्द आया। सुरेन्द्र डीगवाल के घर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि जब सुरेन्द्र डीगवाल के घर गए थे लेकिन वह घर पर नहीं मिले है। उन्हें चौकी में बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

---

# नपा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकरं धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर लघु सचिवालय में धरना 13वें दिन भी जारी रहा। वीरवार को धरने को विजय सैनी, रामकुमार निरंकारी, राजेश चौधरी, कमल कांटीवाल, योगेश सैनी, देवराज मोयल, विरेंद्र सैनी, प्रवीन सिंगला सहित अन्य लोगों ने समर्थन दिया।

धरनारत गुरलाल सिंह ने कहा कि नपा अधिकारियों द्वारा नगर परिषद में किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर वे धरने पर बैठे थे, लेकिन उनके धरना लगाने के बाद से भ्रष्टाचार कम होने की बजाय और बढ़ गया है। अधिकारियों द्वारा रात के समय मशीनों से सफाई दिखाकर कागजों में फर्जी बिल बनाए जा रहे हैं। गुरलाल सिंह ने कहा कि बेगू रोड पर नप की ओर से वैक्यूम मशीन सफाई के लिए खड़ी की गई है, लेकिन दो दिन से मशीन एक ही स्थान पर खड़ी है और सफाई के नाम पर कागजों में फर्जी बिल तैयार किए जा रहे हैं। गुरलाल सिंह ने कहा कि शहर की सफाई हो या ना हो, लेकिन सफाई के लिए आए बजट की अंधाधुंध सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि 13 दिन किसी प्रशासनिक अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली।

# शिविर में 115 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- लायंस क्लब रानियां रॉयल ने करवाया शिविर का आयोजन

लायंस क्लब रानियां रॉयल द्वारा शहीद भगत सिंह चौक पर शूगर जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रवि मोंगा रीजन चेयरमैन ने बतौर मुख्यातिथि किया। एडवोकेट पुनीत बंसल ने कहा कि मधुमेह एक खतरनाक बीमारी है। जिसे अगर सही वक्त पर रोका ना जाए तो इसका परिणाम जानलेवा भी हो सकते हैं। आज भारत में 4.5 करोड़ व्यक्ति डायबिटीज का शिकार है, इसका मुख्य कारण है असंयमित खानपान, मानसिक तनाव, मोटापा, व्यायाम की कमी, इसी कारण यह रोग हमारे देश में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। मधुमेह होने के कारण पैदा होने वाली जटिलताओं की रोकथाम के लिए नियमित आहार, व्यायाम, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सफाई और संभावित इन्सुलिन इंजेक्शन अथवा खाने वाली दवाइयों डॉक्टर के सुझाव के अनुसार सेवन आदि कुछ तरीके हैं। लेकिन कुछ उचित तरीकों को अगर हम अपनाए तो मधुमेह को नियंत्रण कर सकते है। शिविर में 115 लोगों की शूगर जांच की गई। 26 लोगों में शूगर की मात्रा अधिक मिली।

---

# जिला स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा गीता

- 22 व 23 दिसंबर तक सीडीएलयू के मल्टीपर्पज हॉल में गीता के रंग में रंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन व भव्य मनाने के लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इसके साथ ही गीता महोत्सव के आयोजन में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं व शहर के गणमान्य व्यक्तियों को भी सहयोग अपेक्षित रहेगा। यह आयोजन सरकारी स्तर तक सीमित न रहे बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी इसमें सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों व प्रबंधों के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागों की ड्यूटियां निर्धारित की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समारोह से जुड़े अन्य कायार्ें व प्रबंधों के लिए अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की कमेटियां भी गठित की गई।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- क्रेसण्ट स्कूल में विद्यार्थियों ने नाटक से ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया

क्रेसण्ट स्कूल में आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने रोजमर्रा के जीवन में ऊर्जा व्यर्थ करने के विभिन्न माध्यमों को उजागर किया, साथ ही उन्हें बचाने के उपायों पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को ऊर्जा के संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए छात्रा नित्या ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर संदेश एवं ऊर्जा संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए प्रति वर्ष 14 दिसंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के बारे में बताया। कलवेश और भूमिका ने सुविचार के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। टिक्षित, एंजल ओर सृष्टि ने हिंदी ओर इग्लिश कविताओं ऊर्जा बचाओ-ऊर्जा बचाओ तथा व्रीवन युसेस एनर्जी के माध्यम से ऊर्जा बचाने के लिए जागरूकता लाने का प्रयास किया। विद्यार्थियों ने स्लोगन तथा प्लेकाड्र्स के माध्यम से भी ऊर्जा संरक्षण के उपाय बताये। तिमांशी, मिष्टी और जसकीरत ने ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों का वर्णन करते हुए उन्हे बचाने के उपायों को समझाया। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण का अर्थ समझाते हुए ऊर्जा को बुद्धिमानी से उपयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




# फतेहाबाद पुलिस ने सत्तर से अधिक घरों में लौटाई मुस्कान

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशानुसार नवम्बर माह में एक विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपनों से बिछड़े हुए मासूम बच्चों को उनके मां-बाप व परिवार से मिलाने का हैं, जो कि यह एक अति उत्तम मानवता की सेवा हैं। इस अभियान को लेकर एसपी द्वारा जिला स्तर पर एक स्पेशल टीम गठन का किया गया हैं।

यह टीम गुमशुदा व लावारिश बच्चों को तलाश कर उनके मां बाप व उनके परिवार वालों से मिलाने के उद्देश्य से बच्चों को बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, होटल, मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, दुकानों व भीड-भाड वाले जगहों पर तलाश किया गया। इस अभियान के दौरान फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल-2 के तहत नवंबर माह में कुल 70 गुमशुदा बच्चों और व्यस्कों को खोजकर उनके परिवारों की खोई हुई मुस्कान वापस लाने में सफलता हासिल की है। इनमें 24 बच्चों की उम्र 18 साल से कम थी जबकि 46 लोगों की उम्र 18 साल से ऊपर थी।

---

# 30 छात्र डिजिटल कौशल में लेंगे शिक्षा

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में कौशल हब का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत एक नवीन कौशल हब का उद्घाटन किया गया। इस हब के अंतर्गत 30 छात्र डिजिटल कौशल में शिक्षा प्राप्त करेंगे और विकसित होंगे।

इस त्रैमासिक प्रोजेक्ट का प्रमुख उद्देश्य युवा पीढ़ी को डिजिटल दुनिया में बेहतर रूप से तैयार करना है। समारोह का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जो इस कार्यक्रम के प्रमुख संरचनात्मक प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी कौशलों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आने वाले समय में डिजिटल समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि इस पहल से छात्रों को आधुनिक तकनीकी क्षमताओं का सही ढंग से प्रशिक्षण मिलेगा जो उन्हें आने वाले क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस पहल को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आने वाले डिजिटल युग में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सही दिशा में मार्गदर्शन करना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस हब में शामिल होने वाले 30 प्रशिक्षुओं, जिनमें जेएनवी के विद्यार्थियों के अतिरिक्त बाहर के छात्र एवं ऐसे प्रशिक्षुओं को भी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा अथवा ऐसे किसी प्रशिक्षण से वंचित रह गए थे उनको भी नए युग की तकनीकी विधाओं की तैयारी में मदद करने के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी डिजिटल सृजनात्मकता, कंप्यूटर नेटवर्किंग, वेब डेवेलपमेंट आदि क्षेत्रों में निपुणता हासिल करेंगे।



**फतेहाबाद।** पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में कौशल हब का उद्घाटन करते प्राचार्य अनूप सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

# जैन साध्वियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

संथारा साधिका उपप्रवर्तिनी गुरूणी मैय्या श्री स्वर्णकांता जी मा.सा. की सुशिष्या संथारा राधिका उपप्रवर्तिनी गुरूणी मैय्या श्री राजकुमारी जी म.सा. एवं उत्तर भारतीय प्रवर्तिनी श्री सुधा जी म.सा. की अनज्ञानुवर्तिनी स्थानक प्रेरिका, संघ सेतू मधुर भाषिणी श्री श्रुति जी म.सा. की सुशिष्याएं महासाधवी श्री तारामणि जी म.सा., महासाध्वी श्री रजनी जी म.सा., साध्वी श्री हितिका जी म.सा., साध्वी श्री निधिका जी म.स., ठाणा-5 आज फतेहाबाद की ठाकर बस्ती स्थित एसएस जैन सभा भवन में विराजमान हुई। फतेहाबाद पहुंचने पर जैन श्रद्धालुओं द्वारा महासाध्वियों का जोरदार स्वागत किया गया। जैन सभा प्रधान ने बताया कि जैन महासाध्वियां प्रतिदिन यहां प्रातः साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक प्रवचन करेंगी। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया कि वे कार्यक्रम में पहुंचे और गुरूणी जी म.सा. के प्रवजनों एवं दर्शनों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर गगन जैन, अनिल जैन, प्रवीन जैन प्रधान, मुकेश प्रजापति जीएस परिवार, प्रधान संजीव जैन, अभिषेक जैन, विनोद मित्तल, श्याम सुंरद मोंगा, जतिन मोंगा, उर्मिला जैन, हेमलाल जैन, मोनिका प्रजापत, सावित्री जाट, श्रुति जैन आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जैन साध्वियों का स्वागत करते श्रद्धालुगण।

---

### नए वार्ड के सृजन के लिए सरकार के आदेशों पर कार्य शुरू

# जाखल नपा क्षेत्र का बदलेगा भूगोल, होंगे 14 वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

नगर में आने वाले दिनों में एक नए वार्ड की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा सरकार द्वारा जारी पत्र के बाद नगर पालिका द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी है। नए वार्ड का निर्माण जनसंख्या के मान से किया जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार 10 हजार से 20 हजार की आबादी पर 14 वार्ड होने का हवाला दिया है।

इस मान से अभी जाखल में जो 13 वार्ड हैं, उनमें जनसंख्या 15 हजार के करीब होने के कारण अब नए वार्ड का निर्माण किया जाना है। सरकार के दिशा निर्देशों पर बीएलओ द्वारा वार्डबंदी का कार्य शुरू कर दिया है। जिन वाडार्ें में अधिक जनसंख्या हैं, उनके मतदाताओं के मतों की छंटनी और वार्डबंदी संबंधी कार्य कर नया वार्ड बनाया जाएगा। प्रशासन ने इस कार्य के लिए एक सप्ताह की समय अवधि तय की गई है। ऐसे में आगामी नपा चुनाव में 13 की जगह 14 वाडार्ें में प्रत्याशी चुनाव लड़ेगे। नगर पालिका प्रशासन के सचिव के आदेश पर जाखल नपा में वार्ड बंदी का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। वार्ड बंदी व मतों की छंटनी या मत जुड़ाव कार्य में लगे बीएलओ दलवीर, अनिल, जयदीप, राजेश आदि ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशों पर इस कार्य के लिए उनकी ड्यूटी लगाई गई है।



#### *कुल 10 बूथों में है करीब 15 हजार मतदाता*

*जाखल नपा क्षेत्र के अंतर्गत अब कुल 10 बूथ और लगभग 15 हजार मतदाता हैं। इन बूथों में जिनमें भी सबसे अधिक वोट होगी, उनमें छंटनी कर अलग कर नया वार्ड बनाया जाएगा।*

#### *क्या कहते हैं नपा सचिव*

*सरकार द्वारा 10 हजार से ज्यादा मतदाताओं वाले नगरपालिका क्षेत्र में एक नए वार्ड का सृजन कर कुल 14 वार्ड बनाने के लिए जारी आदेशों के तहत बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। तेज गति से इस कार्य को किया जा रहा है। एक सप्ताह में ये कार्य पूरा कर लिया जाएगा। आने वाले नगरपालिका चुनाव में 14 वाडार्े के उम्मीदवार यहां से चुनाव लड़ेंगे।*

*-महावीर सिंह, नपा सचिव जाखल*

# किसानों को अनुदान पर दिए जाएंगे कृषि यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को 29 तरह के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान वेबसाइट पर 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से कृषि यंत्र जैसे बैटरी/इलेक्ट्रिक/सौर संचालित पावर वीडर, सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूल बार, स्व-चालित उच्च क्लीयरेंस बूम स्प्रेयर, लोडर/भूसा कटर के साथ उच्च क्षमता वाला चारा काटने वाला यंत्र, ट्रैक्टर चालित सिलेज पेकिंग मशीन/ ट्रैक्टर चालित सिलेज बेलर, बैटरी चालित उर्वरक प्रसारक, ब्रिकेट बनाने की मशीन, बायोमास पेलेटिंग मशीन, ट्रैक्टर चालित उर्वरक प्रसारक, ट्रैक्टर संचालित हाइड्रोलिक प्रेस स्ट्रॉ बेलर, एमबी प्लोऊ, सब सोइलर, मल्टी क्रॉप बेड प्लान्टर/रेज्ड बेड प्लान्टर, स्वचालित चावल ट्रांसप्लांटर, ट्रैक्टर चालित विनोइंग मशीन ग्राम क्लीनर सह ग्रेडर/विनोइंग फैन, ट्रैक्टर पर लगे रीपर कम बाइंडर, बाजरा मशीन/बाजरा मिल आदि खरीदने पर अुनदान मिलेगा।